हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–229 : जौनपुर, मंगलवार 16 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## तहसीलों की कार्यप्रणाली में समय सीमा के भीतर हों काम –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : तहसीलों की कार्यप्रणाली में बड़े सुधार की आवश्यकता है। हमें पारदर्शिता, समयबद्धता को लेकर ठोस प्रयास करना होगा। शिकायतों और समस्थाओं का निस्तारण एक समय सीमा के भीतर होना चाहिए। डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया जाए। वरासत व उत्तराधिकार से जुड़े प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए। आमजन की अपेक्षाओं का ध्यान रखते हुए तहसीलों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें मंगलवार को ये बातें अफसरों के साथ बैठक में कही। बैठक में उन्होंने शासन की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वामित्व, घरौनी और वरासत जैसे कार्यक्रमों ने आमजनमानस को बड़ी सुविधा प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है। अब तक 56.17 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। मात्र 15 राजस्व गांवों में सर्वेक्षण का कार्य शेष है, इसे भी यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाए। हमारा लक्ष्य हो कि इस वर्ष के अंत तक सभी पात्र ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक देने वाला प्रमाण पत्र ''घरौनी'' मिल जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों ने स्वास्थ्य सेवाओं की सहज–सुलभ उपलब्धता के लिए टेलीकन्सल्टेशन और हेल्थ एटीएम की सुविधाओं को बढ़ाया जाए। इससे बीमारी की दशा में रिमोट एरिया के लोगों को अच्छे डॉक्टरों का परामर्श मिल सकेगा। हेल्थ एटीएम के लिए प्रशिक्षित मैनपावर तैनात किया जाए। टेलीकन्सल्टेशन सेवा को विस्तार देते हुए इसके बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। प्रदेश में निवेश कर रहीं औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। ऐसे सभी प्रकरणों की गहन समीक्षा कर बिना बिलंब यथोचित समाधान किया जाए। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा इसे शीर्ष प्राथमिकता देते हुए निस्तारित किया जाए। अप्रैल माह में संचालित संचारी रोग अभियान का आम जन के बीच अच्छा संदेश गया है। लोगों में संक्रामक, संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। हमें ऐसे ही प्रयास लगातार जारी रखने होंगे। गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल में इंसेफेलाइटिस, बरेली व आस–पास के मंडल में मलेरिया तथा बुंदेलखंड में चिकनगुनिया से बचाव के लिए सक्रियता और बढ़ाई जाए। इंसेफेलाइटिस से बचाव के लिए जैसा प्रयास इन क्षेत्रों में भी किया जाए। साफ–सफाई और शुद्ध पेयजल के सेवन के लिए लोगों को जागरूक करें। बाल रोग विशेषज्ञों का भी सहयोग लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी जनपद में अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड/रिक्शा स्टैंड संचालित नहीं होना



चाहिए। ऐसे स्टैंड अवैध वसूली होने को बढ़ावा देते हैं। यह वसूली समाजविरोधी कार्यों में उपयोग होती है। जहां कहीं भी ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही हों, उन्हें तत्काल बंद कराया जाए। टैक्सी स्टैंड के लिए ठेकेदार स्थान निर्धारित करें। शहरों में ई–रिक्शा के लिए रूट तय किया जाना जरूरी है। सभी गो–आश्रय स्थलों में व्यवस्था सुचारु रखी जाए। हरा चारा–भूसा आदि के समुचित प्रबंध हों। गोवंश को गर्मी अथवा धूप से सुरक्षित रखने के प्रबंध किए जाएं। डेयरी सेक्टर में रोजगार सृजन का बड़ा पोटेंशियल है। इसे दृष्टिगत रखते हुए नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाए। डेयरी सेक्टर से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। गांवों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास में आमजन को सहभागी बनाने के लिए ''मातृभूमि योजना'' प्रारंभ की जा रही है। इसकी औपचारिक शुरुआत शीघ्र ही की जाएगी। बड़ी संख्या में लोगों ने इस योजना से जुड़कर अपने गांव में अपने पूर्वजों के नाम पर भवन, सड़क, कम्युनिटी सेंटर, आदि बनवाने की इच्छा जताई है। इस योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। नगरीय क्षेत्र के लिए भी ऐसी योजना का प्रस्ताव तैयार किया जाए। 'किसी भी संक्रमित को अस्पताल में नहीं भर्ती होना पड़ा है' मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 446 है। विगत 24 घंटों में 35 हजार से अधिक टेस्ट किए गए। यह सुखद है कि किसी भी संक्रमित मरीज को कोविड की वजह से अस्पताल में भर्ती नहीं होना पड़ रहा। स्थिति पूरी तरह सामान्य है। किंतु हमें सतर्कता और सावधानी बनाये रखने की आवश्यकता है। विगत कुछ दिनों में परिवहन विभाग की बसों में आग लगने की दुःखद घटनाएं घटित हुई हैं। ऐसी घटना आगे न हो, इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा हर जरूरी कदम उठाया जाए। हर जिले में पीपीपी मॉडल पर कम से कम एक आधुनिक मॉडल बस स्टेशन विकसित किया किया जाना है। परिवहन विभाग द्वारा जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को शीघ्र प्राथमिकता देते हुए कार्रवाई तेज की जाए। बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्या, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं राज्य मंत्री राजस्व अनूप प्रधान की उपस्थिति रही।

## वाराणसी में केंद्रीय मंत्री ने 25 युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

वाराणसी ब्यूरो : देश के 45 शहरों में मंगलवार को एक साथ रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन माध्यम से रोजगार मेले में शामिल हुए और 71000 से अधिक युवाओं को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी स्थित बनारस रेल इंजन कारखाना के सिनेमा हॉल में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे और शहर दक्षिणी के विधायक नीलकंठ तिवारी की मौजूदगी में 25 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम में कुल 100 लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। बाकी लोगों को नियुक्ति पत्र रजिस्टर्ड डाक से भेजा जाएगा। नियुक्ति पत्र पाने वाले शुभम, दिलीप कुमार ,प्रज्ञा कुमारी , लक्ष्य श्रीवास्तव ने अपने विचार साझा किए और प्रधानमंत्री का आभार जताया। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। बरेका में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने कहा कि कर्म योगी प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को रोजगार मिल रहा है। 2047 में अमृत साल पूरा होगा। इसमें सभी युवाओं का योगदान जरूरी है। युवाओं के केवल सरकारी नौकरी के भरोसे ही नहीं बल्कि अन्य रोजगार पर भी निर्भर होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व की सरकारों पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले




कुछ लोग रोजगार दिलाने के नाम पर लोगों के घर और जमीन बिकवा दिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर डाक विभाग रेलवे व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने वादे के पक्के मीडिया से बात करते हुए महेंद्र नाथ पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने वादे के पक्के हैं। वह जो कहते हैं वह करते भी हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री वादे के क्रम में करीब दो लाख लोगो को रोजगार दिया जा चुका है। 2024 से पहले करीब 10 लाख युवाओं को रोजगार दिए जाने का लक्ष्य है जो पूरा कर लिया जाएगा। कर्नाटक में मिली हार पर भी केंद्रीय मंत्री ने प्रतिक्रिया दी। कहा कि कर्नाटक में बहुत सारे विकास कार्य हुए हैं। जो हार हुई है उसे स्वीकार किया जा रहा है। गलती कहां हुई, इस पर मंथन किया जा रहा है। कर्नाटक के पिछले चुनाव में भाजपा को जीत मिली थी।

## गंगा नदी पर शोध करेंगे पीयू के डॉ. श्याम कन्हैया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के भू एवं ग्रहीय विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्याम कन्हैया को गंगा नदी पर शोध हेतु 30 लाख का अनुदान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त हुआ है. डा० श्याम कन्हैया को यह शोध परियोजना राज्य विश्वविद्यालय उत्कृष्टता अनुदान के अंतर्गत प्राप्त हुई है जिसमें देश भर के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव भेजे गये थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने डॉ. श्याम कन्हैया को बधाई दी. उन्होंने कहा कि गत वर्षों में विश्वविद्यालय ने शोध के क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही भारत सरकार, उ. प्र. सरकार एवं अन्य सभी शोध परियोजनाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। इस शोध परियोजना के अंतर्गत गंगा नदी परिक्षेत्र की जलवायु परिवर्तन एवं उसकी वजह से नदी तंत्र एवं मिट्टी सहित विभिन्न भू आकृतियों के निर्माण एवं क्षरण की जटिल प्रक्रियाओं पर केंद्रित शोध कार्य होगा. डॉ. श्याम कन्हैया ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का असर समस्त जीवों सहित हमारी प्रकृति जैसे नदी, मिट्टी एवं पेड़ पौधों पर भी होता है. इस प्रकार अनुकूल जलवायु उनके सतत विकास एवं प्रतिकूल जलवायु विनाश का



कारक होती है. इस शोध कार्य परियोजना के अंतर्गत गंगा नदी के कगार क्षेत्रों से मिट्टी, कंकड़ एवं अन्य नमूने एकत्र किए जाएंगे तत्पश्चात उनकी आयु गणना एवं स्थिर समस्थानिकों मुख्य रूप से कार्बन एवं ऑक्सीजन का वैज्ञानिक विधियों से विश्लेषण किया जाएगा। इस शोध कार्य से गंगा नदी के मैदानी भाग में विभिन्न कॉल अवधियों में कार्बन एवं ऑक्सीजन का विश्लेषण किया जाएगा जिससे उस समय के पर्यावरण व पारिस्थितिकी का आसानी से पता लगाया जा सकेगा. इस शोध परियोजना में मध्य गंगा क्षेत्र जो कि कानपुर से लेकर बक्सर तक है पर केंद्रित कार्य होगा. वर्तमान में जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों को समझने में यह शोध कार्य अत्यंत प्रभावी होगा। रज्जू भइया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## दीवानी न्यायालय में पेशी पर आए आरोपी पर दिनदहाड़े बदमाशों ने ताबड़तोड़ किया फायरिंग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना अंतर्गत मंगलवार दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई जब दीवानी न्यायालय परिसर में पेशी पर आये हत्या के दो आरोपितों को बेखौफ बदमाशो ने प्रयागराज में हुए माफिया अतीक अहमद हत्याकांड की तर्ज पर दिनदहाड़े गोली मार दी।जिसमे दोनो घायल हो गए। भारी कचेहरी में गोली चलने से हड़कम्प मच गया। गुस्साए अधिवक्ताओं ने गोली चलाने वाले बदमाश को मौके से पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस के हवाले कर दिया। गौराबादशाहपुर थाना अंतर्गत काबिरुदीनपुर गांव में बीते 6 मई 2022 को अंडे के ठेले पर मामूली विवाद में गांव के युवक पहलावन की गोली मारकर हत्या की गई थी।इसी मामले में मिथलेश गिरी ग्राम सरैया ,सूर्यप्रकाश राय ग्राम कबिरुद्दीनपुर पहलवान बादल यादव हत्याकांड में जेल में बंद है ।आज इसी मामले में दोनों को पेशी पर दीवानी कचेहरी लाया गया था। पुलिस सीजेएम कोर्ट में पेश करने जा रहे थे इसी बीच एक बदमाश श्रवण कुमार यादव ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दी जिसमे एक आरोपियों को गोली लगी लगी है। गोली चलते ही न्यायालय परिसर में अफरा–तफरी मच गई है घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सीओ सिटी ने पहुंचकर घटना का जायजा लिया और घायल आरोपित बदमाश को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहा से उसे बेहतर उपचार के लिये ट्रामा सेंट्रर रिफर कर दिया गया है।साथ ही मौके से गोली चलाने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया है। घटना के



संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर बृजेश कुमार ने बताया कि गौराबादशाहपुर थाना अंतर्गत ने वर्ष 2022 में काबिरुदीन पुर गांव में एक युवक पहलवान यादव की हत्या हुई थी जिसमें आरोपित दो अभियुक्त आज तारीख पर आए हुए थे। पुलिस इनको पेशी के लिए कोर्ट में जा रहे थे कि रास्ते में एक एक अभियुक्त श्रवण कुमार यादव ने दीवाल की आड़ से फायर कर दिया है जिससे दो लोग घायल हो गए हैं इनके साथ जो आरक्षी ले जा रहा था उसने कड़ी मेहनत करते हुए आरोपित को बचाया हैं ।और गोली चलाने वाले आरोपी गिरफ्तार किया। इस दौरान अधिवक्ताओं द्वारा सहयोग करते हुए आरोपित को गिरफ्तार करवाने में मदद किया गया है वह दीवानी परिसर में अशलहा लेकर आने के मामला में उन्होंने कहा कि इस मामले पर जांच कराई जा रही है आरोपित किस गेट से असलहा लेकर अंदर है इसकी जांच की जा रही है इस मामले में कोर्ट परिसर में तैनात सिपाहियों के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी गोली से दो अभियुक्त घायल है इसकी और जांच की जा रही है।

## वाराणसी में बेकाबू बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत : पत्नी और पुत्र घायल

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह बेकाबू ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी और पांच वर्षीय पुत्र की हालत गंभीर है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बाबतपुर–जमालापुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। रोहनिया क्षेत्र के बैरवन निवासी धर्मेंद्र पटेल (37) भांजी की शादी में शामिल होने के बाद बाइक से बराई जा रहे थे। साथ में पत्नी सावित्री पांच वर्षीय पुत्र को गोद में लेकर बैठी थी। नथईपुर तिराहे पर एक डीजे वाहन को बचाने के चक्कर में अचानक से चालक ने ट्रक को बायें काटा। इस दौरान बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। टक्कर से बाइक सवार धर्मेंद्र, उसकी पत्नी और बच्चा सड़क पर गिरे। धर्मेंद्र का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं पत्नी सावित्री और बेटे आयुष को गंभीर चोटें आईं। ट्रक फरार हो गया। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए आनन–फानन घायल मां और बेटे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटनास्थल पर पहुंचे धर्मेंद्र के परिजनों में कोहराम मचा रहा। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर बाबतपुर–जमालापुर मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पर रोहनिया विधायक सुनील पटेल भी मौके पर पहुंच। परिजनों को सांत्वना देने के साथ आक्रोशित ग्रामीणों के समझा–बुझाकर शांत कराया। साथ ही पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित, एसीपी अमित पांडेय, इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## 'फर्जी समाचार को कैसे समाप्त करें' पत्रकारिता के छात्र –डॉ. मुकुल श्रीवास्तव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ. मुकुल श्रीवास्तव, प्रोफेसर एवं एचओडी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने द स्टडी हॉल डिग्री कॉलेज में 'विजुअल वेरिफिकेशन' के माध्यम से 'फेक



न्यूज को कैसे डिबंक करें' विषय पर छात्रों को संबोधित किया। सत्र का आयोजन Google समाचार पहल (GNI) और डेटा लीड्स के सहयोग से किया गया था। इसका उद्देश्य छात्रों को अंतर्दृष्टिपूर्ण कहानियाँ बनाने के बारे में बताना है। व्याख्यान में कॉलेज के बीजेएमसी विभाग के लगभग 45 छात्रों ने भाग लिया। स्वागत स्टडी हाल कॉलेज के निदेशक डॉ हिमांशु सिंह ने किया। डॉ श्रीवास्तव उच्च शिक्षा उद्योग में काम करने के प्रदर्शन के इतिहास के साथ एक अनुभवी शिक्षक हैं। वह पत्रकारिता, न्यू मीडिया, समाचार पत्रों और कहानी कहने में विशेषज्ञता के साथ व्याख्यान देने में कुशल हैं। उनकी पीएचडी लखनऊ विश्वविद्यालय से मानवाधिकार और मीडिया पर केंद्रित है। डॉ श्रीवास्तव 9 पुस्तकों के लेखक होने के अलावा एक जीएनआई प्रमाणित तथ्य–जांचकर्ता भी हैं। छात्रों ने सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने फेक न्यूज के कॉन्सेप्ट से जुड़े कई सवाल किए। भारत की राजनीतिक व्यवस्था और चुनावों पर फर्जी खबरों के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर, डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि डिजिटल अहंकार कई राजनीतिक अभियानों और लोगों को फर्जी खबरों के जाल में फंसाने के लिए प्रेरित करता है, अगर वे सामग्री की पुष्टि नहीं करते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कई बार फर्जी खबरों का भंडाफोड़ भोले–भाले लोगों द्वारा किया जाता है जो समय की कमी के कारण तथ्यों को क्रॉस–चेक नहीं करते हैं और भावनाओं से प्रेरित होते हैं। डॉ श्रीवास्तव का मानना है कि पत्रकारिता के छात्र सूचनाओं के निष्पक्ष प्रवाह के ध्वजवाहक होते हैं और उन्हें समाज के प्रति लोगों की धारणा को सुधारने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए डॉ हिमांशु सिंह ने कहा कि मीडिया के छात्रों को मीडिया साक्षरता, गलत सूचना और गलत सूचना के बारे में जागरूकता पैदा करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि फर्जी समाचार परिदृश्य के बीच निजता का अधिकार खतरे में है। सत्र में बीजेएमसी विभाग के संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया जिसमें शेरिल एंड्रिया सिंह, प्रज्ञा द्विवेदी और वरुण डे शामिल थे।

## समर कैंप में पांचवे दिन बच्चों ने मिट्टी के बनाए आभूषण : लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में चल रहे समर कैंप के पांचवे दिन बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी के आभूषण बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया । बच्चों के द्वारा के माध्यम से आभूषणों को कलर कर सजाया गया उसकी सभी ने खूब प्रशंसा की। विद्यालय में चल रहे समर कैंप में साल भर कक्षाओं में पढ़ने के बाद अब



वे विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से कुछ सीखने तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के चलते काफी उत्सुक दिख रहे हैं। विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह ने बच्चों को मिट्टी द्वारा बनाए गए आभूषण तथा विज्ञान प्रदर्शनी के लिए बहुत सराहा तथा उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। प्रबंधक मुकेश सिंह ने बच्चों द्वारा स्वनिर्मित मिट्टी से बने आभूषण के लिए बच्चों की प्रतिभा को सराहा तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी तथा भूमिका सिंह के अलावा अध्यापिका कविता गुप्ता , विनीता शुक्ला ,अर्पिता सिंह ,सोनम शुक्ला, रेखा रानी, मनसा वाजपेई ,बीना गुप्ता, प्रिया सिंह ,प्रिंसी ,अपर्णा श्रीवास्तव,आरती वर्मा, नजरीन बानो, राम प्रकाश पांडे ,अशोक कुमार गुप्ता, देवेश सिंह ,भूपेश सिंह, अभिनव सिंह ,उदय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सहन करनें से साहस का गुण स्वतः आ जाता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## ब्राजील : सिटी ऑफ गॉड ने तहलका मचा दिया

सत्तर और अस्सी के दशक में ब्राजील में खूब सारी अच्छी फिल्में बनीं। ब्रूनो बेरेटो की 1980 की फिल्म 'डोना फ्लोर एंड हर टू हजबैंड्स' ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इस फिल्म ने सोनिया ब्रागा को सिने–जगत में स्थापित कर दिया।

दुनिया के अन्य देशों की भांति ब्राजील के लोगों को भी जल्द ही सिनेमा का चस्का लग गया। तीस के दशक में वहां के छोटे–छोटे शहरों में सिनेमा थियेटर थे और वे मजे में हॉलीवुड की फिल्में दिखा रहे थे। भौगोलिक और जनसंख्या की दृष्टि से लैटिन अमेरिका के इस सबसे बड़े देश ब्राजील में वैसे तो लुमियर भाइयों के पेरिस शो के छः महीने बाद ही फिल्म दिखाई गई। जल्द ही 1898 में वहां फिल्में बनने लगीं।

फ्रांस में नवअन्वेषित 'सिनेमाटोग्राफ' का प्रदर्शन 1896 में रिओ–ड–जानेरिओ में हुआ। शीघ्र ही इस तिपाई पर रखे लकड़ी के बक्से से लघु चलचित्रों का प्रदर्शन किया जाने लगा। 1908 में यहां पहली बॉक्स ऑफिस फिल्म बनी। इस फिल्म का नाम था 'एस्ट्रान्गुलाडोर्स' था जिसमें अपराधियों के गलत होते चले जाने को दिखाया गया था और जिसे देखने के लिए दर्शक टूट पड़े। 35 मिनट की इस फिल्म ने ब्राजील में क्राइम ड्रामा की नींव डाल दी। अखबार की सुर्खियों से कथानक उठा कर फिल्म बनने लगीं।

शुरू में, मूक फिल्मों के दौर में वहां भी ज्यादातर न्यूजरील और डॉक्यूमेंट्री बन रही थी। लेकिन कुछ लोग फीचर फिल्म भी बना रहे थे। 1908–1912 का काल ब्राजील सिनेमा का स्वर्णयुग कहलाता है। इस समय प्रतिवर्ष 100 शॉर्टफिल्म बन रही थीं। फिर यह उद्योग उत्तरी अमेरिका के व्यापारियों के हाथ में चला गया।

दक्षिण अमेरिका में शुरू से ब्राजील का सिनेमा विविधतापूर्ण, आश्चर्यजनक तथा प्रयोगात्मक रहा है। जब सिनेमा सवाक हुआ तो ब्राजील में भी भाषा की समस्या हुई। अधेमर गोन्जागा ने रिओ में 'सिनेडिआ स्टुडिओ' की स्थापना की, यहां ब्राजील की अपनी पहचान की, म्युजिकल, ब्राजील के कॉमिक थियेटर तथा कार्नीवाल को मिश्रित कर फिल्में बनने लगीं।

कारमेन मिरान्डा इस दौर की प्रसिद्ध सिने तारिका थी, परंतु वह शीघ्र ही हॉलीवुड चली गई। इस बात से ब्राजील में खूब हलचल मची। 1943 में मोआसिर फेनेलोन ने 'अटलान्टिडा स्टुडियो' बनाया जहां ओसकारिटो तथा ग्रैन्ड ओटेलो की एक कॉमिक टीम विकसित हुई।

इसके पहले 1930 में एक 18 साल के लड़के मारिओ पिशोतो ने 'द बाउंड्री' बना दी, जो उस समय तो उतनी नहीं सराही गई, पर आज उसकी गिनती ब्राजील की 30 प्रमुख फिल्मों में होती है। इसी तरह लीमा बैरेटो निर्देशित फिल्म 'द बैन्डिट' ने बॉक्सऑफिस पर खूब सफलता पाई। 1953 की इस फिल्म को 22 देशों में दिखाया गया था।

ब्राजील में सिनेमा नोवो

इटली के नव यथार्थवादी तथा फ्रांस की नव लहर फिल्मों की चाल पर ब्राजील में सिनेमा नोवो बना। नेल्सन परेरा डोस सैन्टोस को इस आंदोलन का जनक और पोप कहा जाता है। कम बजट, लोकेशन पर शूटिंग, गैर पेशेवर अभिनेता सिनेमा नोवो की विशेषताएं थीं।

'हाऊ टेस्टी वाज माई लिटिल फ्रैंचमैन', 'द गॉड एंड द डेड' (निर्देशनः गुरेरा), 'एंटोनिओ डास मोर्टेस' (ग्लौबेर रोसा) ऐसी ही फिल्में हैं। ग्लौबेर को ब्राजील का सबसे महान निर्देशक का दर्जा हासिल है। उसने 1962 में अपनी पहली फिल्म 'द टर्निंग विन्ड' बनाई थी। यह फिल्म अफ्रो–ब्राजील मछुआरों के समुदाय की कहानी कहती है, साथ ही मछली पकड़ने की नई और पुरानी पद्धति को प्रस्तुत करती है।

'द बिग सिटी', 'लैंड इन एन्गुइश' इस समय की अन्य प्रमुख फिल्में हैं। 'लैंड इन एन्गुइश' एक राजनैतिक फिल्म है, यह ब्राजील समाज में कलाकार की भूमिका को रेखांकित करती है।

अस्सी के दशक का सिनेमा

सत्तर और अस्सी के दशक में ब्राजील में खूब सारी अच्छी फिल्में बनीं। ब्रूनो बेरेटो की 1980 की फिल्म 'डोना फ्लोर एंड हर टू हजबैंड्स' ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इस फिल्म ने सोनिया ब्रागा को सिने–जगत में स्थापित कर दिया। इसी समय एना कारोलीना ने 'सी ऑफ रोजेज', सुजाना एमराल ने 'द आवर ऑफ द स्टार' तथा टिजुका यामासाकी ने 'गैजिनीएः ए ब्राजीलियन ओडिसी' बनाई। इस तरह सिने–संसार को तीन नायाब महिला निर्देशक प्राप्त हुईं।

इस बीच ब्राजील में वीडियो उपकरणों की सहायता से खूब सारी शॉर्ट फिल्म भी बनीं। फिर आना मुय्लएर्ट ने 'स्मोक गेट्स इन योर आईज', 'द सैकेंड मदर' तथा 'डुर्वाल रिकॉर्ड्स' बनाई। मगर 1989 में ब्राजील सिने उद्योग का भट्टा बैठ गया मात्र 25 फीचर फिल्म वहां बनीं।

अगले साल मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर को बंद कर दिया गया। रातों रात ब्राजील फिल्म उद्योग भहरा गया। 1991 में केवल 9 फीचर फिल्में बनीं और उसके अगले साल मात्र 6। मगर 1998 में फिल्मों का भाग्य फिर पलटा और साल में 40 फीचर फिल्में बनीं।

1997 में ब्रूनो बेरेटो ने 'फोर डेज इन सेप्टेम्बर' बनाई जिसमें ब्राजील के गुरिल्ला फाइटर्स अमेरिकी राजदूत का अपहरण कर लेते हैं, राजदूत का जीवन अधर में लटका हुआ है। सरकार सहायता को राजी नहीं है। अपहरणकर्त्ता बदले में 15 राजनैतिक कैदियों को रिहा कराना चाहते हैं।

अगले साल वॉल्टर सैलेस के निर्देशन में 'सेंट्रल स्टेशन' आई। इस फिल्म ने बर्लिन फिल्म समारोह में गोल्डेन बेयर जीता। यह फिल्म एक स्कूल टीचर तथा एक युवक की भावात्मक कहानी है। स्कूल टीचर अनपढ़ लोगों के लिए पत्र लिखता है और लड़के की मां हाल में गुजर गई है। दोनों मिल कर लड़के के पिता को खोज रहे हैं जिसे उन लोगों ने देखा नहीं है। इसमें फेर्नान्डा मोन्टेनेग्रो, विनिसिउस डे ओलिवेइरा, मैरिलिआ पेरा ने मुख्य भूमिकाएं की हैं।

ब्राजील का आधुनिक सिनेमा

नई सदी ब्राजील के सिनेमा के लिए बड़ी मुफीद साबित हुई है। आज विश्व, ब्राजील सिनेमा की चर्चा करता है और वहां बनी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करता है। 2002 में बनी फेर्नान्डो मेरेल्लेस तथा कैटिआ लैंड द्वारा निर्देशित 'सिटी ऑफ गॉड' ने कमाल कर दिया। इसमें दो लड़के बिल्कुल भिन्न राहों पर चल रहे हैं। इस हार्डहिटिंग थ्रिलर ने 4 ऑस्कर का नामांकन पाया, तरह–तरह के 75 पुरस्कार जीते। एलैक्जेंडर रोड्रिक, लीनड्रो फर्मीनो ने गजब का अभिनय किया है। यह फिल्म अवश्य देखी जानी चाहिए।

नोबेल पुरस्कृत साहित्यकार होसे सारामागो के उपन्यास पर आधारित 'ब्लाइंडनेस' फिल्म भी फेर्नान्डो मेरेल्लेस ने 2008 में निर्देशित की। 121 मिनट की इस फिल्म में एक विचित्र बीमारी शहर को घेर लेती है। यह अंधत्व है, मगर श्वेत अंधत्व है। इसमें मुख्य भूमिकाएं जुलिआन मूर, मार्क रुफैलो, एलिस बर्गा ने की हैं। इस फिल्म को 15 पुरस्कार प्राप्त हुए।

आज ब्राजील में करीम ऐनौज ('मैडम साटा', 'दि इनविजिबल लाइफ ऑफ एउरिडिस गुनाओ'), क्लेबर मेन्डैम फिल्हो ('नेबरिंग साउंड', 'इक्वारियस'), गुटो परेन्टे ('कैनिबाल क्लब', 'एंड इन्फेर्निन्हो'), जुलिआनो डोर्नेल ('कोल्ड ट्रॉफीज') जैसे कई निर्देशक सक्रिय हैं। इक्कीसवीं सदी के दूसरे दशक में ब्राजील के दर्शक और विश्व सिने–दर्शक बेसब्री से ब्राजील से आने वाली फिल्मों का इंतजार करते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## माफिया अजीत शाही समेत सात बदमाशों पर इनाम घोषित : कर चुका हैं बड़े–बड़े कांड

गोरखपुर ब्यूरो : मुकदमों में फरार चल रहे माफिया अजीत शाही समेत सात बदमाशों पर एसएसपी ने सोमवार को इनाम घोषित कर दिया। अजीत शाही और हिस्ट्रीशीटर सूरज सिंह की गिरफ्तारी के लिए 25–25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। वहीं, नर्सिंग होम में हिस्ट्रीशीटर सूरज के साथ तोड़फोड़ करने वाले विशाल सिंह, विनय यादव, राहुल शर्मा पर 15–15 हजार रुपये का इनाम गिरफ्तारी के लिए घोषित किया गया। एसएसपी ने गैंगस्टर में फरार सचिन यादव व शक्तिधर सिंह पर भी 15–15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। जानकारी के मुताबिक, रेलवे कोऑपरेटिव बैंक में नियुक्ति को लेकर माफिया अजीत शाही ने अपने साथियों संग मिलकर बैंक में जाकर धमकी दी थी। आरोप है कि इस दौरान रंगदारी भी मांगी गई। शाहपुर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। माफिया अजीत जिले के टॉप टेन बदमाशों की सूची में भी शामिल है। अब एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित कर दिया है। वहीं, बेलघाट के सोपाईघाट गांव निवासी सूरज सिंह, सिकरीगंज के हरिहरपुर निवासी विशाल सिंह, गाई बेला निवासी राहुल शर्मा, पीपीगंज के विनय यादव थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। कुछ दिन पहले रंगदारी न मिलने पर एक नर्सिंग होम में इन लोगों ने तोड़फोड़ की थी। मामला संज्ञान में आने पर रामगढ़ताल पुलिस ने रंगदारी, तोड़फोड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है, लेकिन आरोपी पकड़ से दूर हैं। एसएसपी ने सभी पर इनाम घोषित कर दिया। कैंट थाने में दर्ज गैंगस्टर केस में फरार चल रहे गिरधरगंज निवासी सचिन यादव व महराजगंज के घुघली इलाके के शक्तिधर सिंह पर भी 15–15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया



है। डी–4 गिरोह का सरगना है माफिया अजीत माफिया अजीत शाही का गैंग डी–4, वर्ष 2010 में पुलिस में रजिस्टर्ड है। माफिया के ऊपर पहला केस 1991 में मारपीट और धमकी का दर्ज हुआ था। उसके बाद शहर के कैंट, खोराबार, शाहपुर, गुलरिहा, गोरखनाथ और खामपार दिवरिया मिलाकर कुल 33 मुकदमें दर्ज हैं। अंतिम मुकदमा वर्ष 2016 में खोराबार थाने में दर्ज हुआ था। इन मुकदमों में से कई में माफिया अजीत शाही कोर्ट से बरी भी हो चुका है। पुलिस रिकार्ड में माफिया अजीत शाही को अब तक किसी मामले में पुलिस सजा नहीं दिला पाई है। योगी सरकार आने के बाद माफिया ने खुद को क्राइम से दूर कर लिया था। हालांकि, सात साल बाद एक बार फिर माफिया अजीत शाही की गुंडई सामने आई और बैंक के कर्मचारियों ने एक जुट होकर माफिया और उसके गुर्गे के खिलाफ तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। नर्सिंग होम से वसूली करता है सूरज सूरज सिंह अपने साथियों संग मिलकर नर्सिंग होम से रंगदारी वसूलता है। न देने पर ही वारदात को अंजाम देता है। अभी एक साल पहले सूरज ने रंगदारी न देने पर डीआईजी बंगला के सामने स्थित एक नर्सिंग होम पर फायरिंग कर सनसनी फैला दी थी। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर सूरज और उसके साथियों को जेल भेजा गया था। जेल से जमानत पर छूटने के बाद आरोपी सूरज सिंह ने फिर से अपना पुराना काम शुरू कर दिया। शनिवार को तारामंडल के एक नर्सिंग होम में अपने तीन साथियों संग रंगदारी वसूलने गया था। डॉक्टर के मना करने पर आरोपियों ने तोड़फोड़ की थी। गिरफ्तारी न होने पर एसएसपी ने इनाम घोषित किया है।

## उधार लेन देन में तगादा करने पर की गई बेइज्जती से युवक ने वीडियो बनाकर किया आत्महत्या

आगरा ब्यूरो : आगरा के जगनेर में तगादा करने पर कर्ज लेने वालों ने युवक को मारपीट कर उसकी बेइज्जती कर दी। इससे आहत होकर उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। युवक ने परिचित से उधार लेकर मिठाई व्यापारी व एक अन्य को 10 लाख रुपये दिए थे। युवक ने मृत्यु से पहले वीडियो बनाकर अपने चचेरे भाई को भेजा। चचेरे भाई की सूचना पर परिजन उसे अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यहां का है मामला परिजन के मुताबिक धनीना निवासी सुखदेव उर्फ संदीप (22) पिता के साथ खेती करते थे। उन्होंने अपने परिचित से करीब आठ माह पहले गांव के रामविलास उर्फ रामनिवास और जगनेर कस्बा स्थित एक मिठाई व्यापारी हरिओम को 5–5 लाख रुपये उधार दिए थे। रकम वापसी के लिए वह कई बार तगादा कर चुका था। आरोप है कि दोनों बहाने बनाकर उसे टहला रहे थे। रविवार की शाम भी वह दोनों के पास रुपये मांगने पहुंचा था। जहां दोनों से उसका झगड़ा हो गया। इस दौरान दोनों ने मारपीट कर उसे बेइज्जत करके भगा दिया। इससे परेशान होकर शाम करीब छह बजे सुखदेव उर्फ संदीप ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी सूचना उसने मथुरा में रह रहे अपने चचेरे भाई अनिल को फोन पर दी। वीडियो भेजा कुछ देर बाद एक वीडियो भी भेजा, जिसमें दोनों को 5 –5 लाख रुपये उधार देने और वापस नहीं मिलने पर यह कदम




उठाने की बात कही। साथ ही दोनों को सजा दिलाने की बात कही। चचेरे भाई ने इसकी जानकारी अन्य परिजन को दी। घरवाले उसे खोजने निकले तो सुखदेव गंभीर हालात में गांव धनीना किनारे अपनी गाड़ी में तड़पता हुआ मिला। इसके बाद उसे आगरा स्थित निजी हॉस्पिटल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सुखदेव के पिता हरिओम सिंह ने दो नामजद के खिलाफ तहरीर दी। जगनेर पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अवनीत मान ने बताया कि आरोपी हरिओम निवासी परमार कॉलोनी जगनेर को गिरफ्तार किया है। बच्चों के सिर से उठा साया, मचा कोहराम सुखदेव दो बहनों में अकेला भाई था। उसकी मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। बहनें और पत्नी रो–रोकर बेहाल हैं। दो बेटे ढाई वर्षीय आरव और डेढ़ वर्षीय आकाश हैं। उनके सिर से पिता का साया उठ जाने से परिवार में कोहराम मचा है।

## रात दो बजे प्रेमिका को फोन करके बुलाया : युवती को अगवा कर दोस्त के साथ किया सामूहिक दुष्कर्म

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर के चिलुआताल में प्रेम करने की ऐसी सजा प्रेमी देगा इसकी तो उसने कल्पना भी नहीं की थी। यही वजह है कि जब रात के दो बजे प्रेमी ने फोन करके बुलाया तो वह घर से बाहर आ गई। प्रेमी दोस्त के साथ पूरी हैवानियत से उस पर टूट पड़ा। उसके मुंह में कपड़ा भरकर और मारपीट कर गांव के पोखरे के पास ले गया। वहां पर दोस्त के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। प्रेमिका बेहोश हो गई तो दोनों भाग गए। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर प्रेमी सागर और उसके दोस्त आशीष चौहान के खिलाफ अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने के धाराओं में केस दर्ज किया है। कथित प्रेमी सागर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम लगी है। जानकारी के मुताबिक 21 साल की युवती का पास के गांव के सागर नाम के युवक से जान पहचान थी। दोनों के बीच अक्सर मोबाइल फोन पर बातचीत होती थी। रविवार की रात दो बजे सागर अपने दोस्त आशीष के साथ युवती के घर के बाहर पहुंच गया। सागर ने युवती को फोन किया। घर में कोई और न जान जाए, इस वजह से युवती बाहर आ गई। युवती के बाहर आते ही सागर बातचीत करने लगा और आशीष ने पीछे से उसका मुंह दबा दिया। युवती ने शोर मचाने की कोशिश की तो सागर ने उसे थप्पड़ से मारा। इसके बाद दोनों युवती को जबरन गांव के




पोखरे के किनारे ले गए। वहां पर दोनों ने बारी–बारी से दुष्कर्म किया। आरोपियों के हैवानियत से युवती बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में युवती को छोड़कर दोनों फरार हो गए। करीब तीन बजे होश आने पर युवती अपने घर पहुंची और मां को आपबीती बताई। अत्याधिक रक्तस्राव की वजह से परिजन तत्काल उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला अस्पताल लाकर युवती का उपचार कराया। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराने के साथ तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस ने मुख्य आरोपी सागर को गिरफ्तार किया है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस लगी है।

## कीमोथेरेपी के अत्यधिक उपयोग से होती है शारीरिक और वित्तीय हानि –डॉ मंजिरी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।सीएसआईआर–सीडीआरआई ने भारत के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, शोधकर्ताओं के सम्मान और उनकी उपलब्धियों को याद करने के लिए आज 25वां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जिसका विषय ''एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण'' था। इस अवसर पर सीएसआईआर–सीडीआरआई की निदेशक डॉ. राधा रंगराजन ने मुख्य अतिथि डॉ. मंजिरी बाकरे और डॉ. धनंजय देंदुकुरी का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी दुनिया के भविष्य को दर्शाती है क्योंकि प्रौद्योगिकी जीवन के प्रत्येक पहलू में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है चाहे वह औषधि अनुसंधान हो या मानव संसाधन विकास के किसी भी क्षेत्र में हो। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 1999 में प्रथम राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर, माननीय प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयीजी ने सीएसआईआर–सीडीआरआई की लोकप्रिय मलेरिया–रोधी दवा, अल्फा–बीटा आर्टीथर को मार्केट में लांच किया था। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक, डॉ अतुल गोयल और डॉ आशीष अरोड़ा ने वक्ताओं का परिचय दिया। कीमोथेरेपी के अत्यधिक उपयोग से शारीरिक और वित्तीय हानि होती हैः डॉ मंजिरी डॉ. मंजिरी बाकरेय ओंकोस्टेम डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड की संस्थापक सीईओ ने प्रौद्योगिकी दिवस पर बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान दिया जिसका शीर्षक था, ''क्या हर ब्रेस्ट कैंसर रोगी को कीमोथेरेपी की आवश्यकता होती है? मेड इन इंडिया, नव–पद्धति परीक्षणों की निर्णय लेने में भूमिका''। डॉ मंजिरी बाकरे ने कीमोथेरेपी की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर के 95% रोगी कीमोथेरेपी से गुजरे हैं, जबकि मात्र 15% रोगियों को ही इसकी आवश्यकता होती है तथा इससे लाभ ले पाते हैं। कीमोथेरेपी के अत्यधिक उपयोग से शारीरिक और वित्तीय हानि होती है। अतः इस कीमोथेरेपी की प्रक्रिया को अपनाने से पहले व्यक्ति को उचित रोगनिदान परीक्षण (प्रोग्नोस्टिक्स) और वैकल्पिक तरीकों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस जरूरत को पूरा करने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत कैंसर उपचार योजना के लिए नवीन, लागत प्रभावी (किफायती) एवं विश्वसनीय परीक्षणों को विकसित करने और उसके वितरण करने की आकांक्षा से



अपनी स्टार्टअप कंपनी ओन्कोस्टेम की स्थापना की थी। उनकी टीम का उत्पाद ''कैनअसिस्ट–ब्रेस्ट (सीएबी)'', स्तन कैंसर रोगियों के लिए एक प्रमुख रोगनिदान परीक्षण उत्पाद है जो पिछले 6 वर्षों से भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेचा जा रहा है। उनका दावा है कि कैनअसिस्ट–ब्रेस्ट टेस्ट से भारत में करीब 70 फीसदी कैंसर मरीजों को फायदा हो सकता है जिससे कीमोथेरेपी के दुष्परिणामों से बचा जा सकता है। कोविड के बाद की दुनिया में माइक्रोफ्लुइडिक प्रौद्योगिकी, प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीः डॉ. धनंजय अचिरा लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के सह–संस्थापक और सीईओ डॉ. धनंजय देंदुकुरी, ने कोविड के बाद की दुनिया में माइक्रोफ्लूडिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से देखभाल परीक्षण के बिंदु (पॉइंट ऑफ केयर) में तेजी से प्रगति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने उल्लेख किया कि माइक्रोफ्लूडिक प्रौद्योगिकियां सरल एवं सस्ती परीक्षण समाधान के रूप में उभरी हैं जो आज की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम हैं। उन्होने आगे बताया की उनकी टीम द्वारा तैयार माइक्रोफ्लुइडिक्स आधारित तकनीक इस संबंध में बहुत उपयोगी है क्योंकि इसमे मरीज के नमूने की बहुत ही कम मात्रा की आवश्यकता होती है (केवल 3 माइक्रोलीटर नमूना पर्याप्त है) साथ ही अभिकर्मक (रिएजेंट्स) की भी कम मात्रा में ही आवश्यकता होती है जिससे परीक्षण की लागत भी कम हो जाती है। इस तकनीक में एक ही कार्टिज पर सेल सेपरेशन, मिक्सिंग एवं रीडआउट जैसी अनेक प्रक्रियाएं संभव हो जाती है जिस से इसकी कार्यक्षमता बढ़ जाती है जिसके कारण इसका उपयोग करना बहुत आसान हो जाता हैं। उन्होने बताया की भारत में इस नई तकनीक के लिए एक बड़ा उभरता हुआ बाजार एवं अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम का समापन डॉ. संजीव यादव द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए किया गया। अंत मे सभी सदस्यों ने खड़े होकर राष्ट्रगान गाया।

## ज्ञानवापी में मिली शिवलिंगनुमा आकृति की पहली वर्षगांठ पर वादिनी महिलाओं ने किया दर्शन–पूजन

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी परिसर से जुड़े कई मामले अदालतों में चल रहे हैं। बीते वर्ष आज ही के दिन कोर्ट कमीशन की कार्यवाही के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया गया था। शिवलिंग जैसी आकृति मिलने की अवधि को एक साल पूरा होने पर ज्ञानवापी–श्रृंगार गौरी केस की वादिनी महिलाओं और उनके अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन पैरोकारों संग दर्शन–पूजन करने के लिए पहुंचे। सभी ने परिसर स्थित नंदी के बगल में शिवालय में रुद्राभिषेक व पूजा–पाठ की। इस दौरान काशी विश्वनाथ धाम हर–हर महादेव के उद्‌घोष से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि आज बाबा के मिलने की पहली वर्षगांठ हैं। उनका जन्मोत्सव मनाने के लिए काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ का रुद्राभिषेक किया। कामना की कि हमारे आराध्य आदि विश्वेश्वर को जल्द से जल्द मुक्ति मिले। पूरे परिसर में जीपीआर रडार लगाया जाए मंदिर से बाहर निकले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर ने कहा कि हम लोगों ने ज्ञानवापी परिसर की एएसआई जांच कराने की मांग की थी। आज जिला जज की कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल करेंगे। बाबा से यही आशीर्वाद मांगा कि वे हमें इसमें सफल बनाएं। परिसर में गुंबद के नीचे और पश्चिम दीवार की जांच कराई जाए। पूरे परिसर में जीपीआर रडार लगाया जाए। इसमें यदि साक्ष्य मिलते हैं तो इस पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हमारा अनुष्ठान है कि इस परिसर में बाबा आदि विश्वेश्वर का भव्य मंदिर बने। जो परिसर है वो पूरी तरह से मुक्त हो। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट ने एएसआई साइंटिफिक जांच का आदेश किया। इसमें किसी भी प्रकार की कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। एक सवाल के जवाब में अधिवक्ता विष्णु शंकर ने यह साफ किया कि हाई कोर्ट ने कार्बन डेटिंग का आदेश नहीं दिया है। यह सरासर गलत है और भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं,



बल्कि हाई कोर्ट ने एएसआई साइंटिफिक जांच का आदेश दिया है। इस जांच में किसी भी प्रकार की कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। वहीं मीडिया से बात करते हुए वादिनी महिलाओं ने कहा कि हमने बाबा आज बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन किया। कामना किया कि हमलोग जो केस दाखिल करने जा रहे हैं, उसमें हमें जीत मिले। अदालत से हम लोगों को पूरी उम्मीद है। बीते साल आज ही के दिन कोर्ट कमीशन की कार्यवाही के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया गया था। हालांकि इसे मुस्लिम पक्ष ने फव्वारा बताया था। यह मामला कोर्ट में है। बीते शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिवलिंग के साइंटिफिक सर्वे की हरी झंडी दे दी है। आदेश में कथित शिवलिंग को बिना कोई क्षति पहुंचाए जांच कर उसकी डेटिंग करने को कहा गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के जिला जज के फैसले को बदला है, जिसमें उन्होंने बीते साल कार्बन डेटिंग की मांग वाली अर्जी को खारिज कर दिया था। जो पिछली बार रहा अधूरा, वह अब हो पूरा हिंदू पक्ष के ओर से वादी महिला रेखा पाठक ने बताया कि हमने विधि–विधान से नंदी के बगल में स्थापित शिवलिंग का विधि–विधान से पूजन किया है। बाबा से कामना किया है कि बाबा जल्द से जल्द यहां से मुक्त हो जाएं। हमने पूरे परिसर में जीपीआर सर्वे का मांग किया है। पिछली बार के सर्वे में जो कुछ भी अधूरा रह गया है, इस बार वह पूरा हो जाए।

# जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की प्रगति बढ़ाने का दिया निर्देश

जौनपुर सूवि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व व कर–करेत्तर कार्यो एव एंटी भूमाफिया की समीक्षा बैठक सोमवार देर सायं संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए और अधिक प्रयास किये जायें। बिक्री कर, परिवहन विभाग की समीक्षा की और निर्देश दिया कि जिन विभागों की राजस्व वसूली अपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम है उनमें लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित वसूली प्रगति पर जोर दिया जाये। सभी एसडीएम ईट भट्ठो की जांच करते हुए बकाया शुल्क भरवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्टांप शुल्क, वन विभाग व नगरीय निकाय शुल्क/करो को कैंप के माध्यम से लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें, इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधि ाकरियों को निर्देश दिया कि तहसीलों में लंबित भूमि विवाद मुकदमों को निस्तारण कराए। उन्होंने कहा कि 06 माह से पूराने धारा 24 के मामलों की सूची बनाकर नियमित कानूनगो की समीक्षा करें और जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वरासत के मामले किसी भी दशा में लंबित न रहे। जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण शीघ्र सुनवाई करके उनका




निस्तारण किया जाये। कर करेतर की वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति के सम्बन्ध में वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा विभाग, नगर विकास, वन विभाग, खनन, कृषि विपणन/मण्डी समिति, बाट माप, सिंचाई विभाग के वार्षिक लक्ष्य को निर्धारित समय में राजस्व की वसूली पूरी करने के निर्देश दिये गये। विविध देयों की वसूली का तुलनात्मक विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों के अधिकारियों को एक सप्ताह का विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने एंटी भू–माफिया, राजस्व की समीक्षा करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्बंधित सीओ एवं एसएचओ के साथ समन्वय कर भू माफिया का चिन्हिकरण कराकर पोर्टल पर अपलोड करा दे। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, समस्त उपजिलाधि ाकारी, तहसीलदार उपस्थित रहे।

## पाई–पाई जोड़ नींव रखवाई : आज गोरखपुर में मकान पर चलवा रहे हथौड़ा

गोरखपुर ब्यूरो : तकरीबन 31 वर्ष पहले शहर में एक छत हो जाए, इसके लिए पाई–पाई जोड़कर मोहम्मद रजा ने आशियाना खड़ा किया। परिवार के साथ रहने लगे। सब कुछ ठीक से चल रहा था, लेकिन पैड़लेगंज से नौसड़ सिक्स लेन बनने के बाद नाला बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई तो बहुत सारे घर उसकी जद में आ गए। अब बच्चे खुद अपने सपनों के आशियाने पर हथौड़ा चलवा रहे हैं। टीपी नगर के पास रहने वाले 57 वर्ष के व्यापारी मोहम्मद रजा इस दर्द को सह रहे है। बीमारी के चलते डायलिसिस हो रहा है। बोलने में खांसी आने लगती है। बताया कि बाहर ईंट, पत्थर और मलबों के गिरने से ध ूल का गुबार उड़ता है। ऐसे में लाचारी के साथ इसी माहौल में बीमारी और प्रशासनिक व्यवस्था से लड़ने का प्रयास कर रहे हैं। वे कहते हैं, पहले जो डिवाइडर था, उसे 75 फीट दोनों तरफ चौड़ा होना था, लेकिन अब सड़क के बाएं तरफ पुराने डिवाइडर से चार से पांच फिट हटते हुए नया डिवाइडर बनाया जा रहा। नए डिवाइडर से 75 फिट की दूरी नापने में मकान अवैध कब्जे में आ गया। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ महीनों पहले डिवाइडर से नापते हुए मकान पर चिन्ह लगा दिया। निर्देश दिया कि अवैध कब्जे वाले खुद से अपने मकान के हिस्से को तोड़वा दें। प्रशासनिक स्तर पर तोड़ा जाएगा तो उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा। इसके बाद हम सभी 10 से 12 परिवार के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों को अपने सभी प्रपत्र, रजिस्ट्री प्रमाण पत्र, खारिज– दाखिल के कागज दिखाए। पुराने डिवाइडर से 75 फिट के मानक के अनुसार सड़क चौड़ीकरण की बात कही, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। नतीजा है कि आज खुद



से मकान तोड़वा रहे हैं। मकान बनवाने में जिंदगी गुजर जाती है, आज खुद तोडना पड़ रहा स्थानीय नागरिक योगेश्वर सिंह राजू ने कहा कि एक मकान बनवाने में जिंदगी गुजर जाती है। अच्छे–अच्छे लोगों को अपनी पूरी गाढ़ी कमाई लगानी पड़ जाती है। यही हाल हमारे परिवार का भी है। पिता ने जमीन खरीदने के साथ मकान बनवाया था। लाचारी ऐसी कि आज उसी मकान को मजबूरी में तोड़वाना पड़ा रहा। पुराने डिवाइडर को केंद्र मानते तो बच जाते मकान स्थानीय नागरिक मोहम्मद रजा ने कहा कि अगर पुराने डिवाइडर को आधार मानकर सड़क चौड़ी की जाती तो उनका मकान बच जाता, लेकिन हमारी बात कोई सुनने वाला नहीं है। जब हमने मकान बनवाया तो अवैध नहीं था। विकास तो ठीक है पर हमारा तो आशियाना ही उजड़ गया। घर टूटता देखने वालों के चलते जाम लगा रहा फलमंडी से लेकर टीपी नगर तक हाइवे के किनारे बने घरों में लोग तोड़फोड़ करने लगे हैं। सड़कों पर मलबा भी आ जा रहा है। बहुत सारे राहगीर खुद अपने मकान को तोड़ने का दृश्य देखकर रूक जा रहे हैं और जाम की स्थिति बन जा रही है। सोमवार की सुबह करीब दस बजे फलमंडी के पास सड़क पर तमाशबीन लोगों के चलते कुछ देर तक जाम लगा रहा। जाम में फंसे लोग समझ ही नहीं पाए कि माजरा क्या है। जब आगे बढ़े तब पता चला कि लोग अपना ही मकान तोड़ रहे हैं।

# गोरखपुर में 19 मई से शुरू हो जाएगा खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी के लिए पंजीकरण

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना में 19 मई से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। इसके पहले जीडीए ने 18 मई को बोर्ड बैठक का आयोजन किया है, जिसमें परियोजना के तहत भूखंडों और फ्लैट की कीमतों को अनुमोदित किया जाएगा। ले–आउट में आंशिक संशोधन और निकाय चुनाव को लेकर लागू की गई आदर्श आचार संहिता की वजह से पंजीकरण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। अब जबकि चुनाव संपन्न हो गए हैं और आचार संहिता खत्म हो गई है तो जीडीए ने पंजीकरण की तैयारी तेज कर दी है। 28 मार्च को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परियोजना की आध ारशिला रखी थी। खोराबार टाउनशिप व मेडिसिटी के लिए जीडीए ने खोराबार में 184.17 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। इसमें 109.25 एकड़ में टाउनशिप और 74.25 एकड़ में मेडिसिटी का विकास किया जाएगा। खोराबार टाउनशिप में विभिन्न श्रेणी के 692 प्लॉट, बहुमंजिला भवन के लिए ग्रुप हाउसिंग के 7 प्लॉट, ईडब्लूएस/एलआईजी के लिए एक प्लॉट की डिजाइनिंग की गई है। बहुमंजिला भवनों में अलग अलग



श्रेणी के कुल 2080 फ्लैट बनाए जाएंगे। इसके अलावा टाउनशिप में व्यावसायिक भूखंड, दुकानों, विद्यालयों, क्रीड़ास्थल व पार्कों का भी प्रस्ताव है। उच्च स्तरीय सुविधाओं वाली होगी मेडिसिटी जीडीए की ओर से बसाई जाने वाली मेडिसिटी उच्च स्तरीय सुविधाओं वाली होगी। मेडिसिटी में आठ बड़े भूखंड बड़े अस्पतालों व नर्सिंग होम के लिए होंगे। इसके अलावा 16 भूखंड मध्यम आकार के नर्सिंग होम्स के लिए, 48 भूखंड छोटे आकार के नर्सिंग होम के लिए आवंटित किए जाएंगे। जबकि, आयुष चिकित्सा तथा आवासीय क्लिनिक के लिए भी एक–एक भूखंड की व्यवस्था बनाई गई है। मेडिसिटी में होटल, व्यावसायिक, मल्टीलेवल पार्किंग, पुलिस चौकी, फायर स्टेशन के लिए भूखंड व पार्क का भी प्रावधान किया गया है।

## बहन को मारकर शव फंदे पर लटकाया : पड़ोसी युवक से संबंध पर हुई वारदात

कानपुर ब्यूरो : कानपुर देहात में बरौर थाना क्षेत्र के सिथरा बगिया गांव में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। झूठी शान की खातिर भाई ने बहन की गला घोटकर हत्या कर शव घर में कीले से दुपट्टा के सहारे लटका दिया। पुलिस ने भाई को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली। थाना क्षेत्र सिथरा बगिया निवासी डॉली उर्फ बेटू (19) मां इमरती के साथ गांव में रहती थी। उसके भाई बलवान सिंह, मुकेश, मलखान, अमित, लवकुश उर्फ लंकेश और कल्याण अलग–अलग प्रांतों में रहकर फेरी आदि का काम करते हैं। डाली की शादी घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के टेनापुर प्रतापपुर में तय की गई थी। 29 जून को बरात आनी थी। शादी की तैयारी के लिए भाई लवकुश उर्फ लंकेश 15 दिन पूर्व गुजरात से घर आया था। उसे बहन के पड़ोसी युवक से प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई। भाई–बहन के बीच हुई थी मारपीट इसको लेकर उसने समझाया। भाई–बहन के बीच मारपीट भी हुई, लेकिन दोनों के बीच संपर्क बना रहा। सोमवार शाम लगभग तीन बजे भाभी अनीता डॉली का शव देख चीख पड़ी। अनीता ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एसओ सुरजीत सिंह मौके पर पहुंचे। भाई लवकुश को थाने लेकर पहुंची पुलिस मामले में पूछताछ के बाद पुलिस ऑनर किलिंग के शक में मृतका के भाई लवकुश को थाने ले गई। पुलिस ने पूछताछ कि तो उसने बहन की हत्या की बात स्वीकार की। हत्या की सूचना पर एसपी बीबीजीटीएमस मूर्ति फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने जुटाए हैं साक्ष्य थानाध्यक्ष सुरजीत सिंह ने बताया कि भाई को ऑनर किलिंग के आरोप में हिरासत में लिया गया है। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी भाई और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## आर० आर० ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में प्रज्ञान – 2023 का हुआ सफल आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बख्शी का तालाब स्थित 'आर० आर० ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स, लखनऊ' में चल रहे 'वार्षिकोत्सव 'प्रज्ञान् –2023' का समापन रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं




विशिष्ट अतिथि योगेश शुक्ला , विधायक, बी.के. टी., लखनऊ, नरेंद्र कश्यप जी, राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन शाशक्तिकरण, उत्तर प्रदेश सरकार तथा डॉ० विवेक सिंह तोमर, उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, लखनऊ महानगर थे। मुख्य अतिथि जी ने छात्र / छात्राओं को सकारात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मिस्टर प्रज्ञान व मिस प्रज्ञान, एकल नृत्य (सोलो डान्स) समूह नृत्य ( ग्रुप डान्स), एकल गान, समूह गान का आयोजन किया गया। प्रज्ञान् 2023 में संस्थान के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। मिस्टर प्रज्ञान सुशांत पांडेय (सीएसडी प्रथम वर्ष) व मिस प्रज्ञान समरा अरशद (सीएसई–एआईएमएल प्रथम वर्ष) को चुना गया। संस्थान की तरफ से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा बी0टेक0 प्रथम वर्ष की इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ब्रान्च की छात्रा अक्षरा श्रीवास्तव (91.89:) अंक तथा पॉलिटेक्निक (डिप्लोमा) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग (ऑटोमोबाइल) तृतीय वर्ष के छात्र अमित कुमार (73.66:) अंक प्राप्त करने पर मुख्य अतिथि बृजेश पाठक ने मोमेन्टो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा इसके साथ–साथ ब्रांच टॉप करने वाले विद्यार्थियों व उनके माता–पिता को भी मोमेन्टो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन अनिल कुमार अग्रवाल, सयुक्त सचिव चित्रांशु अग्रवाल, निदेशक प्रोफेसर (डॉ०) सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, कुलसचिव धीरज पाण्डेय, डीन एकेडमिक दुर्गेश वर्मा, चीफ प्रॉक्टर विजय बहादुर सिंह, डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आरती जायसवाल, डीन स्टूडेन्ट वेलफेयर विकास सिंह, प्रथम वर्ष के विभागाध्यक्ष आशुतोष शुक्ला के साथ–साथ समस्त संकाय व स्टॉफ सदस्य भी मौजूद रहें। कार्यक्रम के विजेताओं को संस्थान के चेयरमैन अनिल कुमार अग्रवाल ने मोमेन्टो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा छात्र–छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रम में लगातार सहभागिता करने के लिये प्रेरित किया तथा यह भी घोषणा की कि संस्थान में बच्चों के चतुर्मुखी विकास के लिए समय–समय पर इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर (डॉ०) सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में छात्र–छात्राओं को सहभागिता करने के लिये धन्यवाद दिया तथा उन्होने यह भी कहा कि किसी भी संस्थान में पढ़ाई के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होना भी आवश्यक है। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के डीन एकैडमिक दुर्गेश वर्मा ने उपस्थित जनसमूह, छात्र–छात्राओं शिक्षकों तथा मीडिया से पधारे सम्मानित पत्रकार बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दोहरे हत्याकांड से दहला शास्त्रीनगर : पति–पत्नी की गला काटकर निर्मम हत्या

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के शास्त्रीनगर में दिन निकलते ही दोहरे हत्याकांड से हड़कंप मच गया। यहां एक शिक्षिका और उसके पति की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार शास्त्रीनगर क्षेत्र में भोलेश्वर मंदिर के



बराबर में दूसरी गली में रहने वाली स्कूल की शिक्षिका ममता और उनके पति बिट्टन की गला काटकर हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया गया कि पति–पत्नी के शव घर में पहली मंजिल पर बेड पर पड़े मिले, जबकि बिट्टन के बुजुर्ग माता–पिता नीचे सोए हुए थे। सूचना पर एसपी सिटी भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कराई। आईजी नचिकेत झा भी मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस पूछताछ में बुजुर्ग माता पिता ने बताया कि उन्होंने किसी को घर में आते नहीं देखा। घर में जाने के दो रास्ते हैं। फिलहाल पुलिस मौके पर जांच पड़ताल में जुटी है। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई है।

# फूलपुर तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो की सड़क हादसे में मौत : ट्रक ने बाइक में मारी थी टक्कर

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ के फूलपुर कस्बा स्थित डाकघर के पास मंगलवार को ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठे फूलपुर तहरीर के रजिस्ट्रार कानूनगो की मौत हो गई। बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराय। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतरौलिया थाना क्षेत्र के भीलमपुर छपरा गांव निवासी दिनेश चौधरी (55) फूलपुर तहसील में बतौर रजिस्ट्रार कानूनगो तैनात थे। वह फूलपुर देहात में अपना मकान बनवा कर परिवार के साथ रहते थे। मंगलवार को वह कनेरी गांव निवासी प्रमोद चतुर्वेदी (45) के साथ बाइक पर बैठ कर ड्यूटी करने तहसील जा रहे थे। अभी वे डाकघर के पास ही पहुंच थे कि पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पलट गई और दिनेश ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा प्रमोद घायल हो गया।



सूचना मिलते ही फूलपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रमोद को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल रवाना किया। वहीं मृतक रजिस्ट्रार कानूनगो दिनेश चौधरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजवा दिया। दिनेश चौधरी एक पुत्र व दो पुत्रियों के पिता थे। घटना की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तहसील कर्मी के मौत की सूचना पर एसडीएम, तहसीलदार समेत अन्य तहसील कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए थे।

# मजदूर हत्याकांड में वीसी से हुई माफिया मुख्तार की पेशी : अब 22 को अगली सुनवाई

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ के तरवां थाना क्षेत्र में हुए मजदूर हत्याकांड में मंगलवार को माफिया मुख्तार अंसारी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई। एक गवाह की गवाही के बाद इस मुकदमे में अगली तिथि 22 मई निर्धारित की गई। वहीं इसी हत्याकांड में दर्ज हुए गैंगस्टर के मामले में बुधवार को भी माफिया मुख्तार अंसारी की पेशी वीसी के माध्यम से होगी। तरवां थाना क्षेत्र के ऐराकला गांव में सड़क निर्माण ठेके के विवाद में मुख्तार अंसारी के लोगों ने ठेकेदार पर फायरिंग की थी। ठेकेदार तो बाल–बाल बच गया लेकिन उसके दो मजदूर गोली लगने से घायल हो गए। जिसमें एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में ठेकेदार की तहरीर पर माफिया मुख्तार अंसारी समेत उसके सहयोगियों को नामजद किया गया। इस मुकदमे की सुनवाई आजमगढ़ एमपी–एमएलए कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को हुई सुनवाई में गवाह प्रशांत की गवाही हुई। इसके बाद न्यायाधीश ने इस मुकदमे में सुनवाई की अगली तिथि 22 मई निर्धारित की। मजदूर हत्याकांड में ही पुलिस ने



माफिया मुख्तार समेत उसके सहयोगियों के खिलाफ गैंगस्टर की भी कार्रवाई की है। जिसमें बुधवार को सुनवाई होनी है। एमपी–एमएलए कोर्ट में ही यह मुकदमा भी चल रहा है। बुधवार को भी माफिया मुख्तार गैंगेस्टर के मामले में वीसी के माध्यम से कोर्ट में पेश होगा।

## एम्स में 83 वर्ष की महिला के चेहरे की हड्डी से निकाला गया ट्यूमर : डॉक्टरों ने खड़े कर दिए थे हाथ

गोरखपुर ब्यूरो : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के दंत रोग विभाग ने महाराजगंज की रहने वाली 83 वर्षीय बुजुर्ग महिला का ऑपरेशन कर चेहरे की हड्डी से ट्यूमर (मंडिबुल ट्यूमर) निकाला। महिला काफी दिनों से इस बीमारी से ग्रसित थी। अधिक उम्र और महंगे इलाज की वजह से निजी अस्पताल के डॉक्टर ऑपरेशन करने से हिचक रहे थे। बताया जा रहा है कि इतनी अधिक उम्र की महिला का पहला ऑपरेशन एम्स में किया गया है।परिजन ने महिला को एम्स के दंत रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. शैलेश कुमार को दिखाया। डॉ. शैलेष ने जांच की तो पता चला कि एक खतरनाक किस्म के चेहरे के ट्यूमर की समस्या से ग्रसित थी, जिसे मंडिबुल ट्यूमर कहते हैं। इसकी वजह से महिला के चेहरे की निचले जबड़े की हड्डी पूरी तरह से खोखली हो गई थी। अगर समय पर इलाज नहीं होता तो कैंसर हो सकता था। इस पर डॉ. शैलेष ने टीम के साथ ऑपरेशन का फैसला लिया। करीब चार घंटे चले ऑपरेशन के दौरान मरीज के गली हुई निचले जबड़े की हड्डी



को निकाला गया और कृत्रिम रूप से तैयार दूसरे जबड़े को लगाया गया। टीम में एनेस्थीसिया के डॉ. प्रियंका, डॉ. अनुराधा मौजूद रहीं। डॉ. शैलेश ने बताया की ज्यादा उम्र के मरीजों की बेहोशी की प्रक्रिया काफी कठिन होती है। इसके लिए विशेष उपकरण और बहुत तैयारी की जरूरत होती है। टीम ने अच्छा काम किया, जिसकी बदौलत सफल ऑपरेशन हुआ है। एम्स की कार्यकारी निदेशक डॉ. सुरेखा किशोर ने टीम को बधाई दी है।

## गोरखपुर में डग्गामार बसों की मनमानी : फोरलेन बनी टू लेन

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में असुरन चौक पर दोपहर 2:30 बजे दो कारें अगल–बलग खड़ी थीं। इससे चौराहे पर राहगीरों को निकलने में दिक्कत हो रही थी। इसी रोड पर यहां से कुछ दूरी पर स्थित विष्णु मंदिर के पास निजी बसों में सवारी भरी जा रही थी। अभय नंदन इंटर कॉलेज मोड पर भी एक निजी बस की छत पर समान रखा जा रहा था। ग्लैक्सी मॉल के बाहर गाड़ियों की कतार लगी हुई थी, इससे यहां जाम लग गया था। दोपहर बाद तीन बजे राधिका कॉम्पलेक्स के सामने कतार में कई चार पहिया गाड़ियां खड़ी थीं। 3:30 बजे बशारतपुर और एचएन सिंह चौक के आसपास शॉपिंग कॉम्पलेक्स के बाहर गाड़ियों की लंबी कतार लगी थी। यहां भी लोग जाम से जूझते नजर आए। असुरन–परतावल फोरलेन पर असुरन चौक से एचएन सिंह चौराहे तक लगभग दो किमी के बीच 50 से अध िाक बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स हैं। इनमें हर दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, जो अपनी चार पहिया गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं, क्योंकि ज्यादातर कॉम्पलेक्स के पास चार पहिया गाड़ियों के लिए पार्किंग नहीं है। मुश्किल से इनकी पार्किंग में दो पहिया गाड़ियां खड़ी हो पाती हैं। चार पहिया गाड़ियों के सड़क पर खड़े होने से फोरलेन सड़क देखने में ऐसी लगती है मानो टू लेन हो। बेतरतीब सड़क पर गाड़ियां खड़ी होने से लोगों को जाम की समस्या से जूझना



पड़ता है। मेडिकल रोड पर नहीं है पार्किंग की व्यवस्था असुरन से मेडिकल कॉलेज तक मॉडल सड़क बनी है। इस फोरलेन के बनने के बाद यहां कई शॉपिंग कॉम्पलेक्स खुल गए हैं, लेकिन यहां नगर निगम की ओर से कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई है। पार्किंग नहीं होने की वजह से लोगों को अपनी गाड़ियां मजबूरी में सड़कों पर खड़ी करनी पड़ती हैं। सड़क किनारे लगने वाले ठेले भी जाम की वजह असुरन से एचएन सिंह चौराहे तक सड़क की दोनों लेन पर खड़ी होने वाली गाड़ियों के साथ ही ठेले भी जाम की वजह बनते हैं। इससे यहां विष्णु मंदिर, मसीही कलेसिया चर्च, बसारतपुर में सड़क किनारे खाने–पीने और सब्जियों के कई ठेले लगते हैं, जो जाम की एक वजह हैं।

# प्रापर्टी डीलर को धमकी देकर पांच लाख रुपये के रंगदारी माँगने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार ।अयोध्या में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी रूदौली सत्येन्द्र भूषण तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष पटरंगा ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 सुदर्शन प्रसाद आर्य , का0 अमरेश यादव का0 सौरव कुमार के थाना पटरंगा पर पंजीकृत मुकदमा मे वांछित चल रहे अभियुक्त अश्वनी कुमार यादव पुत्र रामसजीवन यादव को मुखविर की सूचना के आधार पर दुल्लापुर मोड़ निकट मवई चौराहा से पुलिस टीम द्वारा सफलता पूर्वक गिरफ्तार किया गया है । पंजीकृत अभियोग में उल्लेखित आरोपो के अनुसार अभियुक्त अश्वनी कुमार उपरोक्त के द्वारा वादी से ग्राम नेवरा एवं रानीमऊ में प्रापर्टी को लेकर साढे तीन लाख रुपये धमकी देकर वसूली की गयी थी एवं मवई चौराहे के निकट एक जमीन के सौदेबाजी को लेकर अभियुक्त के द्वारा धमकी देकर पांच लाख रुपये की मांग की जा रही थी ।जिसमे अभियुक्त के द्वारा वादी मुकदमा को धमकी दिया कि पांच लाख रुपये रंगदारी के रुप मे नही दिये तो मवई चौराहे पर आग लगवाकर कानपुर बना दूंगा । उक्त घटना के सम्बन्ध मे वादी मुकदमा के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो से शिकायत की गयी जिसमे प्रथम दृष्टया जांचोपरान्त मामला सत्य पाये जाने पर अभियोग पंजीकृत किये जाने का निर्देश दिया गया था जिसके क्रम मे




दिनांक 08.05.2023 को थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत होकर विवेचना प्रारम्भ की गयी। विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्त अश्वनी कुमार उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय लोगो एवं पीड़ित द्वारा बताया गया कि अभियुक्त अश्वनी कुमार लोगो को धमकाकर ब्लैकमेलिंग करके पैसे की मांग करता है तथा न देने वालो के विरुद्ध अधिकारियो के समक्ष झूठी शिकायते करता है तथा लोगो को उकसाकर अमादा फौजदारी करता है। अपने ऊँचे रसूख के बल पर लोगो से जबरन धन उगाही करके अपने मंहगे शौक पालता है और उसी के द्वारा अपना एक गैंग तैयार कर लोगो को ब्लैकमेल करता है व पुलिस प्रशासन के समक्ष शिकायत करने पर उनको जानमाल की धमकी देता है। अभियुक्त के विरुद्ध आरोपो के आधार पर साक्ष्य संकलित कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अयोध्या में 21 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद की अध्यक्षता विवादों के सरल समाधान हेतु दिनांक 21 मई 2023 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दीवानी, फौजदारी एवं राजस्व न्यायालयों में लम्बित मुकदमों के साथ साथ प्री–लिटिगेशन (मुकदमा दायर करने से पूर्व) वैवाहिक विवादों का समाधान भी सुलह समझौते के माध्यम से कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामलें, बिजली एवं जल के बिल से सम्बंधित शमनीय दण्ड वाद, चेक बाउंस से सम्बंधित धारा 138 एन0आई0एक्ट एवं बैंक रिकबरी, राजस्व वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद एवं अन्य सिविल वाद के निस्तारण हेतु सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने आगे बताया कि प्री–लिटिगेशन वैवाहिक विवाद वह विवाद है जो पति पत्नी के मध्य विभिन्न कारणों से उत्पन्न होता है इसके समाधान के लिए पति अथवा पत्नी के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विवाद का संक्षिप्त विवरण लिखते हुये प्रार्थना पत्र दिया जायेगा तद्पश्चात विपक्षी को नोटिस भेजकर बुलाया जायेगा। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश एवं मध्यस्थ अधिवक्ता की पीठ गठित की जायेगी। पीठ के द्वारा पक्षों की बैठक करवाकर सुलह समझौते के माध्यम से विवाद का समाधान कराया जायेगा। पीठ के द्वारा पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर लोक अदालत में निर्णय पारित किया जायेगा, जो अंतिम माना जायेगा और उक्त निर्णय के विरूद्व किसी अन्य न्यायालय में अपील दायर नही की जा सकती है, जिससे परिवार टूटने से बच जायेगा एवं पारिवारिक सद्भाव बना रहेगा। उन्होंने लोक अदालत के मामलों के निस्तारण के लाभों के बारे में बताते हुये कहा कि लोक अदालत में निर्णित मुकदमें की किसी अन्य न्यायालय में अपील नही की जा सकती है, लोक अदालत के निर्णय को अंतिम माना जायेगा, इस अदालत का निर्णय सिविल न्यायालय के निर्णय के समान बाध्यकारी होता है इससे पक्षों के बीच सौहार्द बना रहता है तथा सम्बंधित पक्षकारों के समय व धन की बचत होती है व अदा की गयी कोर्ट फीस पक्षकारों को वापस हो जाती है। उक्त जानकारी अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद ने दी है।

# 15 से 21 मई 2023 तक प्रत्येक कार्यदिवस मे किये गये आमन्त्रित

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने अवगत कराया है कि वर्तमान समय में दीवानी न्यायालय अन्तर्गत जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) का पद रिक्त होने तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) का पद 31 जुलाई 2023 को एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) का पद 24 अगस्त 2023 को रिक्त होने के फलस्वरूप फौजदारी एवं सिविल वाद में पैरवी का कार्य करने का अनुभव जिला सरकारी अभिवक्ता (फौजदारी) के लिए योग्यता 10 वर्ष विधि व्यवसाय किया हो, सहायक जिला सरकारी अभिवक्ता (फौजदारी) एवं (सिविल) के लिए 7 वर्ष विधि व्यवसाय किया हो, उनसे विधि परामर्शी निर्देशिका के प्रस्तर–7.03 के अन्तर्गत आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर दो प्रतियों में 15 मई 2023 से 21 मई 2023 को अपरान्ह 4.00 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस मे आमन्त्रित किये जाते हैं। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। उपर्युक्त पदों पर उन्ही आवेदन पत्रों पर विचार किया जायेगा, जिनकी आयु 15 मई 2023 को 60 वर्ष से कम हो। पहले से किसी सरकारी या गैर सरकारी वैतनिक पद पर कार्यरत अथवा किसी कालेज के पूर्णकालिक प्रवक्ता, ओथ कमिश्नर, नोटरी, विवाह अधिकारी, एमीकस क्यूरी आदि पद धारकों के आदेवन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा और तथ्य छिपाये जाने की दशा में उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी। अपूर्ण आवेदन–पत्र स्वतः निरस्त हो जायेगें। नियुक्ति के पश्चात डेली प्रैक्टिस पर प्रतिबन्ध होगा। राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा स्थापित/नियन्त्रित उपक्रम निगम, राजकीय कम्पनी परिषद, स्थानीय निकाय, स्वायत्त शासित संस्थाओं एवं प्राधिकारियों के वादों की पैरवी शासन की अनुमति से ही करने का अधिकार होगा। जिला सरकारी अभिवक्ता/अधीनस्थ जिला सरकारी अभिवक्ता (नामिका वकील) राजनैतिक कार्यकलापों में उस समय तक भाग न लेगा जब तक कि वह जिला सरकारी अभिवक्ता/अधीनस्थ जिला सरकारी अभिवक्ता (नामिका वकील) के रूप में कार्य करें, अन्यथा वह उस पद धारण करने के लिए अनर्ह हो जायेगा। जिला सरकारी अभिवक्ता/अधीनस्थ जिला सरकारी अभिवक्ता (नामिका वकील) के लिए यह निषेध है कि वे किसी भी अपराधिक मामले में किसी गैर सरकारी पक्षकार की ओर से उपस्थित हो, चाहे वह किसी व्यक्ति के बचाव के लिए हो या किसी परिवादी के लिए उपस्थित होना हो। राज्य की ओर से उपस्थित होने पर वे किसी गैर सरकारी पक्षकार से कोई शुल्क स्वीकार नहीं करेगें। नियुक्ति की दशा में विधि परामर्शी निर्देशिका में उल्लिखित सभी प्रतिबन्ध मान्य होगें। शासन द्वारा निर्धारित मासिक पारिश्रमिक देय होगा, अन्य किसी कार्य परामर्श आदि के लिए कोई अतिरिक्त फीस देय न होगी। यह नियुक्ति राज्य सरकार की नियुक्ति से भिन्न होगी एवं राज्य कर्मचारी की कोई सुविधा अनुमन्य न होगी। यह नियुक्ति निर्धारित अवधि के लिए व्यवसायिक आबद्धता के रूप में की जायेगी, जिसको बिना कारण बताये हुए समाप्त करने का अधिकार शासन को होगा। सभी आवेदनकर्ता निर्धारित प्रारूप पर वांछित सूचनाए दो प्रतियों में (अलग–अलग पूर्णसेट में) अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगें तथा प्रत्येक सूचना के सम्बन्ध में प्रमाण पत्रों की सत्यापित छाया प्रतियाँ भी संलग्न करेगें। फौजदारी/सिविल वादां से सम्बन्धित विगत दो वर्षो के कार्यकाल का विवरण तथा उसमें सफलता के प्रतिशत के सम्बन्ध में स्वयं शपथ–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। उपरोक्तानुसार पूर्ण प्रार्थनापत्र किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक जे0ए0 को व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जायेगे अथवा जिलाधिकारी के नाम पंजीकृत डाक से इस प्रकार भेजे जायेगें कि वह निर्धारित तिथि/समय के पूर्व कार्यालय में अवश्य प्राप्त हो जाये। इस विज्ञप्ति के निर्गत होने के दिनांक से पूर्व प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्रों पर विचार नही किये जायेगें। अन्य जिलों के अधिवक्ता भी आवेदन कर सकते है, किन्तु उनको आवेदन–पत्र सम्बन्धित अधिकारी द्वारा अग्रसारित अथवा उचित टिप्पणी के साथ भेजा जाना वांछनीय होगा।

# अर्जुन तेंदुलकर को कुत्ते ने काटा : लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ सुपरजायंट्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें अर्जुन लखनऊ के लिए खेलने वाले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी युद्धवीर सिंह और मोहसिन खान से मिलकर उन्हें बता रहे हैं कि उन्हें कुत्ते ने काट लिया ।यह चोट उनके बालिंग आर्म में है, जिससे उनका लखनऊ के खिलाफ मैच में न खेलना तय है। सोमवार को अभ्यास सत्र के दौरान उन्होंने हिस्सा



नहीं लिया, लेकिन वे खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग सत्र के दौरान मौजूद रहे और साथियों से बात करते देखे गए।

# भोजपुरी अभिनेता और आजमगढ़ के भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ पहुंचे अयोध्या

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। राम नगरी में वेब सीरीज की शूटिंग को लेकर आजमगढ़ के भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ अयोध्या पहुंचे।निरहुआ का बयान–इस बार नगर निकाय चुनाव में चाप कर चला बाबा का बुजडोजर पर बखान किया। पिछले 9 सालों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश को बदलने का काम किया है जिसको पूरे विश्व ने देखा है।कोरोना जैसे संकट से देश को बाहर निकाला है। पहले किसी भी महामारी के लिए दूसरे देशों की ओर देखना पड़ता था लेकिन अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम खुद वैक्सीन बना रहे हैं । मोदी जी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर पहुंची है। डबल इंजन की सरकार में हो रहा है अच्छा काम उत्तर प्रदेश में बन रही है सड़कें और बढ़ रहा है रोजगार। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी जनता देगी प्रधानमंत्री को पूर्ण समर्थन–दिनेश लाल यादव निरहुवा ने बताया।

# एसपी सिटी मधुवन सिंह और सीओ बीकापुर डा. राजेश तिवारी ने सीखी निशानेबाजी की खूबियां

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या में आज भारतीय शूटिंग कोच एवं सलेक्टर डॉक्टर राजपाल सिंह जी का आगमन आज अयोध्या हुआ उन्होंने शूटिंग से रिलेटेड सभी विशेषताएं बताई इसी क्रम में इंटरनेशनल शूटर वर्तिका सिंह ने शूटिंग की विशेषताएं बताते हुए बताया कि डॉ राजपाल सिंह जी ने अब तक हजारों निशानेबाज भारत से उत्पन्न किया भव्दिय शूटिंग रेंज (अयोध्या शूटिंग रेंज) के अध्यक्ष सनी कुमार वर्मा ने आज् अयोध्या के सभी खिलाड़ियों का मैच कराया जिसमें दिशा कोचिंग के खिलाड़ी अव्वल रहे इस क्रम में हाल ही में हुए प्रयागराज में हुए शूटिंग चौंपियनशिप में जीते हुए खिलाड़ियों को एसपी सिटी मधुबन सिंह अयोध्या, सीओ बीकापुर डॉक्टर राजेश तिवारी , डॉक्टर अवधेश वर्मा (भवदीय पब्लिक स्कूल प्रबंधक ) डॉक्टर डीआर भुवन ,दिशा कोचिंग के प्रबंधक अखिल सिंह, संजीवनी हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ एमएस विष्णु के द्वारा सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाया गया मेडल पहनने वाले खिलाड़ियों में डॉली जाटव ,यशू ,भैरो सिंह( गद्दोपुर) महिला कांस्टेबल नीलू,महिला कॉन्स्टेबल बिना कुमारी, शर्मा ,बनारस से आए हुए खिलाड़ी आशुतोष वर्मा ,जैनुल खान ,पीयूष कुमार सिंह ,शेर बहादुर यादव ,कृतिका सूर्यवंशी, वंशिका चौधरी ,अनुराधा ओझा, ध्रुव कुमार सिंह , इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं! निवेदिता सिंह जोकि इंटरनेशनल शूटिंग एकेडमी लंदन में अपना प्रैक्टिस करेंगी इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से बनाने के लिए डॉ मनीष राय देवेश कुमार (दर्शन नगर),सौम्या सोनी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया इस क्रम में डिप्टी एसपी राजेश तिवारी ने बताया कि सनी कुमार वर्मा जी ने अयोध्या मंडल के लिए एक अच्छी शुरुआत एवं मेहनत कर रहे हैं जिसके लिए उनका बहुत–बहुत आभारी हूं और वह निशुल्क पुलिस विभाग को एवं अन्य खिलाड़ियों को शिक्षा प्रदान करते हैं अयोध्या आगमन पर आए डॉक्टर राजपाल सिंह जी ने अयोध्या शूटिंग रेंज को देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए वह बोले की एक राम जी के हाथों में धनुष बाण था और आज हमारे खिलाड़ियों के हाथों में बंदूकें हैं एक तरफ रामजी ने रावण का वध करके बुराई पर अच्छाई की जीत की वही आज हमारे खिलाड़ी देश विदेश में इन्हीं बंदूकों से निशाना लगाकर भारत देश का नाम रोशन कर रहे हैं इस सभी कार्यक्रम और शूटिंग रेंज के लिए सनी कुमार वर्मा को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# विकास खण्ड शाहाबाद के क्षेत्र पंचायत समिति पुनर्गठन की मांग

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद, शाहाबाद की सीमा विस्तार के पश्चात विकास खण्ड शाहाबाद के 17 गावों के क्षेत्र पंचायत सदस्यों अस्तित्व समाप्त हो गया है ।परंतु जिला पंचायत राज अधिकारी ,हरदोई एवं खण्ड विकास अधिकारी के मनमाने रवैए के चलते क्षेत्र पंचायत समिति,शाहाबाद बदहाली के दौर से गुजर रही है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आरोप है कि बी डी सी मेंबर्स को उनके कार्यकाल का हर बैठक में सम्मिलित रहने भत्ता तक खण्ड विकास अधिकारी, शाहाबाद द्वारा अभी तक नहीं दिया गया ।विकास खण्ड शाहाबाद भ्रष्टाचार के चलते कोई नियम कायदे का पालन नहीं हो रहा है। शासकीय एवं जिला प्रशासन के निर्देशों की घोर अवहेलना हो रही है ।विकास खण्ड शाहाबाद के वार्ड नंबर सात,आठ,नौ, साठ, चौसठ, पैंसठ, छाछठ, अरसठ, पच्चासी,छियासी, सत्तासी और अठ्ठासी आदि के क्षेत्र पंचायत सदस्यों के नगर पालिका परिषद, शाहाबाद में शामिल हो जाने से उन गावों का अस्तित्व समाप्त होने के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्यों की सदस्यता भी समाप्त हो गई है। हसनापुर क्षेत्र पंचायत सदस्य नवनीत गुप्ता ने उच्चाधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि विकास खण्ड शाहाबाद की क्षेत्र पंचायत समिति के अध्यक्षध्प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र उधरनपुर वार्ड नंबर 09 से वर्ष 2021 में क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने गए थे ।तथा वार्ड नौ के बी डी सी मेंबर रहते क्षेत्र पंचायत समिति के अध्यक्ष चुने गए ।वर्ष 2022 में बिना इस्तीफा दिए , उधरनपुर की वोटर लिस्ट के आधार पर वार्ड नंबर 60 आगमपुर से पुनः त्रिपुरेश मिश्र ने चुनाव लड़ा और जीता। उन्होने अभी तक कहीं से भी क्षेत्र पंचायत सदस्य पद से इस्तीफा नहीं दिया तथा विधि विरूद्ध तरीके प्रमुख के पद पर काबिज हैं ।और अवैध रूप से भुगतान निकाल रहे हैं ।इसलिए वर्तमान ब्लॉक प्रमुख के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए। इन हालातों में क्षेत्र पंचायत समिति, शाहाबाद के पुनर्गठन की महती आवश्यकता उत्पन्न हो गई ।जिला प्रशासन किमकर्तव्यविमूढ़ बना हुआ है।

# शिक्षक संकुल की मासिक बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : करंजकला ब्लॉक के न्यायपंचायत डालहनपुर के कंपोजिट विद्यालय सिद्दीकपुर में शिक्षक संकुल बैठक संपन्न हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि ए आर पी जगदीश यादव द्वारा माँ सरस्वती की पूजा और माल्यार्पण के साथ बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में दिसम्बर 2023 तक विद्यालय को निपुण कैसे बनाये ,निपुण लक्ष्य एप पर बच्चों का असेसमेंट, शिक्षक संदर्शिका,शिक्षण योजना ,FLN निर्देशिका, शिक्षक डायरी,स्वनिर्मित TLM,निपुण टूलकिट में दिए गए चार वीडियो ,दीक्षा एप का कक्षा में उपयोग एवम शिक्षक प्रशिक्षण समय से पूर्ण करे आदि विषय पर विस्तार से बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक में ARP जगदीश यादव ,शिक्षक संकुल उपमा मौर्य, विजय लक्ष्मी यादव,कादंबरी कुशवाहा, उमा गुप्ता ,प्रधानाध्यापक प्रदीप सिंह , अरुण सेठ ,सहायक अध्यापक, तरुण कुमार यादव, विजय नंदिनी, शिक्षामित्र,सोनम



सिंह अनुदेशक उपस्थित रहे। बैठक बहुत प्रभावी रहा। सभी विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने के संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ। अंत में कम्पोजित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैदेही सखी ने सभी शिक्षकों को बैठक को सफल बनाने हेतु आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद आभार जताया।

# 800 व्यापारियों पर कर चोरी का शक : सरकार को राजस्व की बड़ी हानि आज से चलेगा अभियान

मेरठ ब्यूरो : केंद्र सरकार के आदेश के बाद देश में जीएसटी चोरी के मामले में मंगलवार से छापा मारा जाएगा। 16 मई से 15 जुलाई तक अभियान चलेगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश में मेरठ में सर्वाधिक 800 व्यापारी चिह्नित किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में इन व्यापारियों के यहां बड़े स्तर पर कर चोरी सामने आई है। अब टीम बोगस फर्म के संचालन, इनपुट टैक्स क्रेडिट लाभ सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों को जुटाकर उनका सत्यापन कराएगी। इसके आधार पर अतिरिक्त कर जमा कराया जाएगा। वहीं, यह अभियान शुरू होने से पहले ही व्यापार संघों ने विरोध शुरू कर दिया है। इस मामले में व्यापारी जीएसटी कमिश्नर एमपी सिंह से भी मिले। दरअसल, जीएसटी चोरी के मामले में सेंट्रल और स्टेट जीएसटी की टीम संयुक्त रूप से अभियान चलाएगी। एक अनुमान के मुताबिक बोगस फर्म बनाकर शहर में 800 से अधिक उद्यमी और व्यापारी रोजाना लाखों रुपये की टैक्स चोरी कर रहे हैं। इनपुट टैक्स क्रेडिट का भी लाभ लिया जा रहा है। सरकार को बड़ी राजस्व की हानि हो रही है। केंद्र सरकार के आदेश पर जीएसटी विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की तैयारी की है। मेरठ जीएसटी कमिश्नर एमपी सिंह के नेतृत्व में 15 सेक्टरों के लिए प्लान बनाया गया है। मेरठ महानगर और जिले के 12 खंडों में कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके साथ ही पांच टीम मवाना, सरधना और बागपत क्षेत्र में कार्रवाई करेगी। किस टीम को कहां जाना है, इसकी जानकारी मंगलवार सुबह संबंधित अधिकारियों को स्वयं कमिश्नर ग्रेड एक द्वारा दी जाएगी। व्यापारी बोले, अभियान के नाम पर नहीं होने देंगे उत्पीड़न उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे अभियान के नाम पर व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। अगर टीम ने मनमानी की तो व्यापारी एकजुट होकर विरोध करेंगे। लोकेश अग्रवाल सहित अन्य व्यापारियों ने जीएसटी कमिश्नर एमपी सिंह को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान राजकुमार त्यागी, इसरार सैफी, शोभित आदि रहे। उधर, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने भी कहा कि अभियान के नाम पर शोषण नहीं होना चाहिए। अगर जांच आवश्यक है तो व्यापारी को विश्वास में लेकर कार्रवाई की जाए। लघु उद्योग भारती के संभाग महासचिव राजकुमार शर्मा ने बताया कि उनका प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जीएसटी कमिश्नर से मिलेगा।

# वरिष्ठ पत्रकार शीतला सिंह के निधन पर पत्रकारों ने व्यक्त किया शोक

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। पत्रकारों के भीष्म पितामह कहे जाने वाले यश भारती से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार बाबू शीतला सिंह के निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर फैल गई। उपजा के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि बाबू शीतला सिंह का निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणनीय क्षति है ।उपजा के संरक्षक महेंद्र त्रिपाठी केबी शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता महामंत्री डीके तिवारी उपाध्यक्ष डॉ आनंद गोपाल सिंह संगठन मंत्री राकेश तिवारी रवि मौर्य ओम प्रकाश श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा राजेंद्र दुबे योगेश प्रताप सिंह तथा तहसील सदर अध्यक्ष सुशील सिंह मिल्कीपुर अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह रुदौली अध्यक्ष अब्दुल जब्बार सोहावल अध्यक्ष देवी प्रसाद वर्मा सहित उपजा संगठन ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# अयोध्या की ट्रैफिक व्यवस्था हुई ध्वस्त

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार.। अयोध्या शहर में जगह जगह चल रहे सीवर व सड़क निर्माण कार्य के चलते भीषण जाम लगा रहता है। शहर के रिकाबगंज, सिविल लाइन, चौक घंटा घर के साथ–साथ फैजाबाद शहर से अयोध्या धाम जाने के लिए राहगीरों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। इन दिनों श्री राम पथ के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है जिसके कारण शहर से अयोध्या धाम जाने वाले रास्ते पर लंबा जाम लगा रहता है। तो वही कसाब बाड़ा से रिकाबगंज रोड पर सीवर लाइन का काम काज चल रहा है जिसके कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया है।

# पेराई सत्र 2023–24 के लिए गन्ना सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी

जौनपुर सू.वि. : जिला गन्ना अधिकारी महेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी श्री संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा पेराई सत्र 2023–24 के लिए गन्ने के सट्टे एवं आपूर्ति नीति जारी कर दी गई है। गन्ना आपूर्ति नीति के आधार पर ही गन्ना कृषकों को गन्ने की पर्चियों के निर्गमन सहित आपूर्ति हेतु विस्तृत निर्देश चीनी मिलों को प्रसारित किये गये हैं। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गन्ना आयुक्त महोदय द्वारा जारी सट्टा नीति के अन्तर्गत कृषक हितों के दृष्टिगत कई बदलाव किये गये हैं। प्रति कृषक गन्ना सट्टे की सीमा सीमान्त कृषक



(1 हेकटेयर तक) के लिए अधिकतम 850 कु. से बढ़ाकर 900 कु., लघु कृषक (2 हेक्टेयर तक) के लिए 1700 कु. से बढ़ाकर 1800 कु. तथा सामान्य कृषक (5 हेक्टेयर तक) के लिए 4250 कु. से बढ़ाकर 4500 कु. की गई है एवं उपज बढ़ोत्तरी की दशा में सट्टे की अधिकतम सीमा सीमान्त, लघु एवं सामान्य कृषक हेतु क्रमशः 1350 कु. से बढ़ाकर 1400 कु., 2700 कु. से बढ़ाकर 2800 कु. तथा 6750 कु. से बढ़ाकर 7000 कु. निर्धारित की गई है। 60 कु. की जगह अब 72 कु. तक के सट्टा धारक गन्ना किसानों को छोटे कृषक की श्रेणी में शामिल कर दिया गया है। इससे इन सट्टा धारकों को 45 दिन के अन्दर गन्ना आपूर्ति की सुविधा मिल सकेगी। सट्टा धारक सदस्य कृषक की पेराई सत्र के दौरान आकस्मिक मृत्यु की दशा में कृषक की आपूर्ति योग्य गन्ने की खपत के दृष्टिगत उसका सट्टा चालू रखा जायेगा। सैनिकों, अर्द्धसैनिक बलों, भूतपूर्व सैनिकों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके विधिक उत्तराधिकारियों को सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर गन्ना आपूर्ति में 20 प्रतिशत की प्राथमिकता दी जायेगी। किसानों की शिकायत के निवारण हेतु मुख्यालय स्तर पर एक कन्ट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है, जिसमें स्थापित टोल फ्री नम्बर 1800–121–3203 पर कृषक सीधे अपनी शिकायतें दर्ज कराकर निवारण प्राप्त कर सकते हैं। गन्ना आपूर्ति से संबन्धित विभिन्न कार्यां की समय–सारणी के अनुसार नये सदस्य 30 सितम्बर, 2023 तक बनाये जायेंगे उन्हें आगामी सत्र में ही गन्ना आपूर्ति की सुविधा अनुमन्य होगी। कृषकवार, ग्रामवार सर्वे सट्टा सूचियों का प्रदर्शन 20 जुलाई से 30 अगस्त 2023 तक किया जायेगा। प्री–कैलेण्डर का ऑनलाइन वितरण 01 सितम्बर 2023 से 10 सितम्बर 2023 तक किया जायेगा तथा समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन 11 सितम्बर 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक किया जायेगा। इस वर्ष जारी सट्टा नीति से वास्तविक गन्ना कृषकों को ही गन्ना आपूर्ति का लाभ मिलेगा तथा छोटे गन्ना कृषक अपना गन्ना समय से चीनी मिल को आपूर्ति कर सकेंगे एवं अस्वीकृत प्रजातियों के स्थान पर उन्नतशील गन्ना प्रजातियों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।